# स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता
## H&M व्यावसायिक साझेदार

**H&M में, हम आश्वस्त हैं कि स्थिरता एक सफल व्यवसाय बनने का स्वाभाविक हिस्सा है। इसलिए हम हमेशा नैतिकता, पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी के साथ आचरण करने का प्रयास करते हैं और अपने व्यावसायिक साझेदारों से भी ऐसा करने की उम्मीद करते हैं। H&M, H&M समूह के भीतर सभी संबद्ध कंपनियों ब्रांड्स का प्रतिनिधित्व करती है।**

**कानून का अनुपालन मूलभूत प्रारंभिक बिंदु है, लेकिन हमारी महत्वाकांक्षा यह है कि हम साथ मिलकर निम्न मुद्दों पर काम करने के लिए कानून द्वारा दिए जाने वाले सुझावों से आगे बढ़कर कार्य कर सकते हैं;**

**स्वस्थ कार्यस्थल:** आमदनी प्रदान करने के अलावा, रोज़गार लोगों को, उनके परिवारों और समुदायों को विकसित होने के लिए सक्षम बनाता है। सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करना, कार्यस्थल पर अधिकार सुनिश्चित करना, कर्मचारियों की मूलभूत ज़रूरतों को पूरा करने वाले उचित निर्वाह वेतन का भुगतान करना और सामाजिक संवाद को बढ़ावा देना रोज़गार और उद्यम विकास उत्पन्न करने वाले दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य हैं।

**स्वस्थ पारिस्थितिक तंत्र:** पारिस्थितिक तंत्र हमें प्राकृतिक संसाधन, जैसे साफ़ हवा और पानी, प्रदान करते हैं, जो लोगों, समुदायों और व्यवसाय के लिए अनिवार्य हैं। वर्तमान और भावी पीढ़ियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए, पर्यावरण को नुकसान से बचाकर और ज़िम्मेदार ढंग से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके पारिस्थितिक तंत्रों का दीर्घकालिक स्वास्थ्य का संरक्षण किया जाना चाहिए।

**पशु कल्याण:** पशु मानवीय व्यवहार के हक़दार हैं। पशु पालन और गैर-पशु परीक्षण विधियों को अपनाने के माध्यम से इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

H&M के व्यावसायिक साझेदारों से उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में इस प्रतिबद्धता में दी गई आवश्यकताएँ और तरीका लागू करने की उम्मीद भी करती है।
H&M में सभी प्रकार के भ्रष्टाचारों के लिए शून्य सहिष्णुता नीति है और यह सशक्त भ्रष्टाचार-विरोधी कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्ध है। नैतिकता संहिता/व्यावसायिक साझेदारों की प्रतिबद्धता एक अलग प्रतिबद्धता है, सभी व्यावसायिक साझेदारों के लिए जिसपर हस्ताक्षर करना और उसका अनुपालन करना आवश्यक है।
इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता में निम्न मुद्दे शामिल हैं:

| **1. स्वस्थ कार्यस्थल** | **2.स्वस्थ पारिस्थितिक तंत्र** | **3.पशु कल्याण** |
|---|---|---|
| ‘ स्वास्थ्य और सुरक्षा<br>‘ भेदभाव, विविधता और समानता<br>‘ मान्यता-प्राप्त रोज़गार<br>‘ उचित निर्वाह वेतन, लाभ और कार्य-समय<br>‘ सहभागिता की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी<br>‘ बाल मज़दूरी और युवा कर्मचारी<br>‘ जबरन मज़दूरी | ‘ जलवायु और वायु की गुणवत्ता पर प्रभाव<br>‘ जल संसाधनों पर प्रभाव<br>‘ रसायनों का उपयोग<br>‘ अपशिष्ट, पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण<br>‘ प्रजातियों और प्राकृतिक आवासों का संरक्षण | ‘ पशु पालन<br>‘ पशु परीक्षण |

इस प्रतिबद्धता के विनिर्देश अनुभाग में इन मुद्दों के लिए H&M की शर्तों और अपेक्षाओं का विवरण दिया गया है। प्रत्येक मुद्दे के लिए स्थिरता प्रदर्शन के दो स्तर हैं;

‘ **मूलभूत–**यह अंतर्राष्ट्रीय तौर पर सहमत मानकों, UN और ILO समझौतों एवं राष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप प्रदर्शन को संदर्भित करता है, शर्तों के बीच अंतर होने पर कर्मचारियों, पर्यावरण के लिए संरक्षण और पशु कल्याण प्रस्तुत करने वाली शर्त लागू होगी। H&M के व्यावसायिक साझेदारों के लिए मूलभूत शर्तों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है।

‘ **आकांक्षापूर्ण–**व्यावसायिक साझेदारों के अपने प्रचालनों, और उनके अपने प्रचालनों के बाहर सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने

में योगदान देने को बढ़ावा देने के लिए यह मूलभूत स्तर पर कानूनी उत्तरदायित्व और अंतर्राष्ट्रीय मानकों से अधिक प्रदर्शन को संदर्भित करता है।

इन क्षेत्रों में प्रदर्शन H&M द्वारा व्यावसायिक साझेदारों के संपूर्ण मूल्यांकन का अभिन्न भाग है। H&M उन व्यावसायिक साझेदारों के साथ काम करना, आगे बढ़ना और उन्हें पुरस्कृत करना जारी रखेगी जो स्थिरता को बढ़ावा देने के हमारे लक्ष्य और निरंतर सुधार की हमारी प्रतिबद्धता को साझा करते हैं। यह स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता उन व्यावसायिक साझेदारों के प्रत्यक्ष प्रचालनों और उपठेकेदारों पर लागू होती है जिनका H&M के साथ संविदात्मक व्यावसायिक संबंध है। ब ेहतर स्थिरता प्रदर्शन के लिए मिलकर काम करने हेतु स्वेच्छा से इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता पर हस्ताक्षर करने के लिए H&M आपूर्ति श्रृंखला में अप्रत्यक्ष व्यावसायिक साझेदारों के साथ भी काम कर सकती है।

# स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता के विनिर्देश
# H&M व्यावसायिक साझेदार

## हमारे विनिर्देशों का आधार

हमारे विनिर्देश, मानव अधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की कार्यस्थल पर मूलभूत सिद्धांतों और अधिकारों की घोषणा, और व्यवसाय एवं मानव अधिकारों के लिए UN मागदर्शक सिद्धांत सहित, अंतर्राष्ट्रीय तौर पर सहमत मानकों के अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। विनिर्देशों के भीतर मानव अधिकारों, पर्यावरण और पशु कल्याण संबंधी मुद्दों के बारे में कई बहुपक्षीय समझौते और बहु-हितधारक मानक और दिशानिर्देश भी संदर्भित किए गए हैं।

हम समझते हैं कि हमारे व्यावसायिक साझेदार अपने प्रचालनों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में इन मानकों को कायम रखने और इन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह भी समझते हैं कि हमारे सेवा व्यावसायिक साझेदारों की तुलना में हमारे विनिर्माण व्यावसायिक साझेदारों के लिए हमारे विनिर्देशों के कुछ पहलु अधिक प्रासंगिक हैं। एक समग्र स्वरूप में विनिर्देशों को प्रस्तुत करने में, हमारा लक्ष्य सभी व्यावसायिक साझेदारों के लिए हमारी शर्तों के बारे में स्पष्टता और पर्याप्त विवरण प्रदान करना है।

## प्रदर्शन का मूल्यांकन

उन व्यावसायिक साझेदारों के साथ आगे बढ़ने हेतु H&M के प्रयोजनों के लिए परस्पर विश्वास और पारदर्शी संवाद महत्वपूर्ण हैं जो अपने स्थिरता प्रदर्शन में निरंतर सुधार दिखाते हैं।

प्रभावशाली प्रदर्शन मूल्यांकन और संवाद को सक्षम करने के लिए, H&M के पास व्यावसायिक साझेदारों से स्थिरता प्रदर्शन डेटा के लिए अनुरोध करने और H&M के लिए वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन करने वाले परिसरों में अघोषित दौरे करने का अधिकार सुरक्षित है। व्यावसायिक साझेदार उन संगठनों, H&M जिनकी सदस्य है, का प्रतिनिधित्व करने वाले आंकलनकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले मूल्यांकनों के अधीन भी हो सकते हैं। इसलिए, व्यावसायिक साझेदार तब तक H&M को इस बारे में सूचित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि H&M के लिए वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन कहाँ किया जाता है, जब तक H&M ने स्पष्ट रूप से मूल्यांकन, अघोषित दौरों और/या H&M को स्थिरता प्रदर्शन डेटा के प्रत्यक्ष खुलासे की, लिखित रूप में, अनुमति न दी हो। इस ज़िम्मेदारी के दायरे में H&M के लिए वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन करने के लिए उप -ठेकेदारी और घर में काम करना शामिल हैं। जो व्यावसायिक साझेदार आउटसोर्स किए गए उत्पादन का उपयोग करते हैं उनके लिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि सत्यापन के उद्देश्य से प्रासंगिक दस्तावेज़ कायम रखे जाते हैं।

मूलभूत शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने और आकांक्षापूर्ण प्रदर्शन स्तरों तक पहुँचने के लिए निरंतर सुधार को सक्षम करने के लिए, हम अपने व्यावसायिक साझेदारों से अच्छी तरह से कार्य करने वाले प्रबंधन सिस्टम्स लागू करने की अपेक्षा करते हैं। इनमें सामाजिक, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रभावों को पहचानने, उन्हें ठीक करने और उनमें सुधार करने के लिए स्पष्ट नीतियाँ, एक ज़िम्म ेदार संगठन, नित्य-कर्म, संचार और फ़ीडबैक प्रणालियाँ शामिल हैं।

स्थिरता प्रदर्शन के बारे में जानकारी जमा करते समय, व्यावसायिक साझेदारों से पारदर्शी रहने और जानबूझकर H&M को गुमराह न करने की अपेक्षा की जाती है। अपारदर्शिता को इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता के उल्लंघन माना जाता है। सहयोग करने की अनिच्छा या इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता और/या के उल्लंघन के कारण, व्यापार में कमी और अंतत: H&M के साथ व्यावसायिक संबंध की समाप्ति हो सकती है।

पारदर्शिता उद्योग-व्यापी और प्रणालीगत स्थिरता चुनौतियों को पहचानने और उन्हें संबोधित करने के लिए आवश्यक प्रारंभिक बिंदु भी है। सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता में सुधार करने हेतु आवश्यक सामूहिक कार्यों और प्रणालीगत परिवर्तनों को बढ़ावा देने के लिए H&M लगातार व्यावसायिक साझेदारों, उद्य ोग, नागरिक समाज और सरकारों के साथ काम करेगी। H&M हमारे व्यावसायिक साझेदारों को वही करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# 1 स्वस्थ कार्यस्थल

## 1 ए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 155 और 183, ILO अनुशंसाओं 164 और 191 को कायम रखने पर आधारित है

**मूलभूत:**
कार्यस्थल पर सुरक्षा और कर्मचारियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हर समय प्राथमिकता होनी चाहिए और सुरक्षित और स्वास्थ्यकर कार्य परिवेश प्रदान किया जाएगा। कम से कम, इसका अर्थ है;

- लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन।
- कोई असुरक्षित इमारतें नहीं।
- खतरनाक मशीनों, उपकरणों और/या पदार्थों तक कोई असुरक्षित पहुँच नहीं।
- उपकरण और परिसर की उचित परिस्थितियों, नियमित अग्निशमन प्रशिक्षण और निकास के अभ्यासों और अग्नि-संबंधी जोखिमों की रोकथाम के माध्यम से अग्नि सुरक्षा को कायम रखा जाएगा।
- स्वच्छ पेय जल और शौचालय सुविधाओं तक पहुँच हो। पर्याप्त हवादारी और तापमान प्रदान किया जाता है।
- निवास/आवास, जब प्रदान किया जाए, कार्यस्थल से अलग और स्वास्थ्य और सुरक्षा के संबंध में ऊपर दी गई सभी मूलभूत शर्तों के अधीन होना चाहिए।
- दुर्घटनाओं और कार्य के परिणामस्वरूप, उसके संबंध में, या उसके दौरान लगने वाली चोटों की रोकथाम और कर्मचारियों को नियमित और रिकॉर्ड किया गया स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त होता है।
- गर्भवती कर्मचारियों की आवश्यकताओं को उचित रूप से समायोजित करना।

**आकांक्षापूर्ण:**
लिंग परिप्रेक्ष्य और अच्छा आचरण लागू करके नियोक्ता, गर्भवती कर्मचारियों सहित, कर्मचारियों की दीर्घकालिक सुरक्षा, अच्छे स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देता है, और उन्हें सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता है।

## 1 बी भेदभाव, विविधता और समानता

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 100, 111 और 159, ILO अनुशंसाओं 90, 111 और 168 को कायम रखने पर आधारित है।

**मूलभूत:**
प्रत्येक कर्मचारी के साथ हर समय सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाता है। कोई भी कर्मचारी अपमान या शारीरिक दंड या शारीरिक, लैंगिक, मनोवैज्ञानिक या मौखिक उत्पीड़न या दुर्व्यवहार के अधीन नहीं होगा। लिंग या लैंगिक अभिविन्यास, जाति, रंग, आयु, गर्भावस्था, वैवाहिक स्थिति, धर्म, राजनीतिक राय, राष्ट्रीयता, जातीय मूल, जाति, रोग या विकलांगता के आधार पर नौकरी देने, मुआवज़ा देने, प्रशिक्षण तक पहुँच, प्रचार, निष्कासन या सेवानिवृत्ति में कोई भेदभाव नहीं है। कर्मचारियों को प्रतिशोध के जोखिम के बिना शिकायत करने के लिए शिकायत प्रणाली मौजूद है।

**आकांक्षापूर्ण:**
नियोक्ता विविधता और समावेशी कार्यस्थल के लिए सक्रिय रूप से काम करता है। नियोक्ता यह समझने के लिए भी स्थानीय समुदाय और/या गैर-सरकारी संगठनों के साथ सक्रिय रूप से काम करता है कि रोज़गार के लिए अल्पसंख्यकों और/या वंचित समूहों पर कैसे विचार किया जा सकता है और अग्रसक्रिय रूप से रुकावटों का सामना कैसे किया जा सकता है।

## 1 सी मान्यता प्राप्त रोज़गार

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 122, 158 और 175, ILO अनुशंसा 166 को कायम रखने पर आधारित है।

**मूलभूत:**
किए गए सभी कार्य राष्ट्रीय कानून और प्रणाली के माध्यम से स्थापित मान्यता प्राप्त रोज़गार संबंध के आधार पर होने चाहिए। प्रत्येक कर्मचारी को, उसकी अपनी भाषा में, लिखित अनुबंध का अधिकार होगा जो रोज़गार की शर्तें प्रस्तुत करता है। केवल-श्रम अनुबंधों, निश्चित अवधि के अनुबंधों के उपयोग या ऐसी प्रशिक्षु योजनाओं, जिनमें कौशल या नियमित रोज़गार प्रदान करने का कोई वास्तविक प्रयोजन न हो, के मध्यम से नियमित रोज़गार संबंध के प रिणामस्वरूप स्थापित श्रम या सामाजिक सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अधीन, कर्मचारियों के प्रति उत्तरदायित्व को टाला नहीं जाएगा।

**आकांक्षापूर्ण:**
रोज़गार के निश्चित अवधि के अनुबंधों के उपयोग को सीमित करने के लिए नियोक्ता कानूनी तौर पर ज़रूरी कार्रवाई से अधिक कदम उठाता है। उन देशों में जहाँ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली में कमियाँ हैं – नियोक्ता कर्मचारियों के लिए, चिकित्सा और सेवानिवृत्ति बीमा सहित, वैकल्पिक बीमा प्रदान करता है।

## 1डी उचित निर्वाह वेतन और लाभ

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 131 और 183, ILO अनुशंसा 135 को कायम रखने पर आधारित है।

**मूलभूत:**
मानक कार्य सप्ताह के लिए भुगतान किए जाने वाले वेतन और लाभ, कम से कम, राष्ट्रीय कानूनी स्तर, औद्योगिक स्तर, या सामूहिक सौदेबाज़ी समझौते, जो भी अधिक हो, के बराबर हैं। किसी भी स्थिति में, उचित निर्वाह वेतन हमेशा कर्मचारियों और उनके परिवारों की आवश्यकताओं को पूरा करने, और कुछ स्वनिर्णयगत आय प्रदान करने, के लिए पर्याप्त होना चाहिए। नियमित रूप से और पूर्णत: सभी वेतनों का भुगतान किया जाएगा, और किसी भुगतान अवधि के लिए वेतन का विवरण लिखित रूप से और समझने योग्य स्वरूप में प्रदान किया जाना चाहिए। कानून या अनुबंध द्वारा आवश्यक सभी अनुषंगी लाभ प्रदान किए जाते हैं। अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में वेतन में कटौती की अनुमति नहीं दी जाएगी। कर्मचारी को ऐसा किसी भी प्रकार का सवेतन अवकाश, जिसके लिए वे योग्य हैं, प्रदान किया जाएगा और सही ढंग से उसका भुगतान किया जाएगा।

**आकांक्षापूर्ण:**
नियोक्ता ऐसी वेतन संरचना अपनाता है जो कर्मचारी का कौशल और अनुभव दर्शाती है। नियोक्ता यह सुनिश्चित करता है कि यह समझने के लिए नियमित रूप से कर्मचारी सर्वेक्षण किए जाते हैं कि भुगतान किया गया वेतन कर्मचारियों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करता है या नहीं। अतिरिक्त आवश्यकताओं को समझने के लिए नियमित रूप से एक व्यापक, पूरक, कर्मचारी आवश्यकता मूल्यांकन किया जाता है।

## 1ई कार्य का समय

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 001, 014, 106 और 030 को कायम रखने पर आधारित है

**मूलभूत:**
सप्ताह में कार्य का समय, और कार्य का अतिरिक्त समय, राष्ट्रीय कानून, ILO समझौतों या सामूहिक समझौते, जो भी कर्मचारियों के लिए अधिक सुरक्षा प्रदान करता है, का अनुपालन करेंगे, और अनुबंधों में निर्धारित रहेंगे। किसी भी स्थिति में, नियमित रूप से कर्मचारियों को 48 घंटे प्रति सप्ताह से अधिक कार्य नहीं करना होगा और हर 7 दिनों की अवधि के बाद उन्हें कम से कम एक दिन का अवकाश दिया जाना चाहिए। 7 दिनों की किसी भी अवधि में कुल समय 60 घंटे से अधिक नहीं होगा। अतिरिक्त समय स्वैच्छिक होगा, जो 12 घंटे प्रति सप्ताह से अधिक नहीं होगा और उसके लिए हमेशा अधिक दर पर भुगतान करना होगा, जिसके लिए भुगतान की नियमित दर के 125% से कम न होने की अनुशंसा की गई है।

**आकांक्षापूर्ण:**
नियोक्ता यह सुनिश्चित करता है कि अतिरिक्त समय से बचने के लिए कार्यस्थल में उत्पादन योजना, क्षमता और आउटपुट का आकलन और निगरानी करने के लिए एक आधुनिक प्रणाली होनी चाहिए।

## 1एफ़ सहभागिता की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 87, 98, 135 and 154, ILO अनुशंसाओं 135 और 143 को कायम रखने पर आधारित है

**मूलभूत:**
किसी भी अपवाद या अंतर के बिना, सभी कर्मचारियों को अपनी पसंद से श्रमिक संघ में शामिल होने या उसे बनाने और सामूहिक रूप से सौदेबाज़ी करने का अधिकार है। कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ भेदभाव नहीं किया जाता और उन्हें कार्यस्थल पर अपने प्रतिनिधि कार्य करने के लिए पहुँच प्राप्त है। जहाँ राष्ट्रीय कानून के अधीन सहभागिता की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी प्रतिबंधित है, नियोक्ता स्वतंत्र और मुक्त सहभागिता और सौदेबाज़ी के लिए समानांतर साधनों के विकास को बढ़ावा देता है और उसे बाधित नहीं करता।

**आकांक्षापूर्ण:**
सामाजिक संवाद को सरल बनाने और उसे बढ़ावा देने के लिए नियोक्ता नियमित रूप से कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करता है। श्रमिकों की समस्याओं के मुद्दों को अग्रसक्रिय रूप से संबोधित करने के लिए नियोक्ता सीधे स्थानीय और क्षेत्रीय श्रमिक संघों के साथ मिलकर काम करता है और कर्मचारियों के संघ का सदस्य होता है।

## 1 जी बाल मज़दूरी और युवा कर्मचारी

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 138 और 182, ILO अनुशंसाओं 146 और 190 को कायम रखने पर आधारित है
बाल अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र समझौता, बच्चों के अधिकार और व्यावसायिक सिद्धांत

**मूलभूत:**
बाल मज़दूरी स्वीकार नहीं की जाती। 15 (या 14 जहाँ ILO समझौता 138 एक अपवाद है) वर्ष से कम आयु या यदि रोज़गार की कानूनी आयु 15 से अधिक है तो उससे कम आयु में किसी भी व्यक्ति को नौकरी पर नहीं रखा जाएगा। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों की रोज़गार-संबंधी कानूनी सीमाओं का पालन किया जाएगा। किसी भी खतरनाक काम, रात की शिफ़्ट और ऐसे किसी भी प्रकार के काम से उनका बचाव किया जाना चाहिए जो उनके विकास में बाधा डालता हो या कोई शारीरिक नुकसान पहुँचा सकता हो।

इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँगे कि रोज़गार की कानूनी आयु से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को भर्ती नहीं किया जाता। नियोक्ता ऐसी नीतियाँ और कार्यक्रम विकसित करेगा, या उनमें भाग लेगा, और योगदान देगा जो कार्यस्थल पर काम करते हुए पाए जाने वाले किसी भी बच्चे को ब चपन से अधिक आयु होने तक अच्छी शिक्षा में उपस्थित होने और उसमें बने रहने के लिए सक्षम बनाने के लिए परिवर्ती व्यवस्था प्रदान करते हैं। प्रभावित बच्चे की आयु और स्वस्थ विकास के लिए अनुकूल ढंग से उसके माता-पिता और/या अभिभावक और उस बच्चे के साथ विचार-विमर्श करके हमेशा बच्चे का सर्वोत्तम हित में काम किया जाना चाहिए।

**आकांक्षापूर्ण:**
बाल मज़दूरी और युवाओं में बेरोज़गारी को संबोधित करने के लिए शिक्षा और स्थायी समाधानों को बढ़ावा देने के लिए नियोक्ता सक्रिय रूप से स्थानीय समुदायों और हितधारकों के साथ मिलकर काम करता है।

## 1 एच जबरन, बंधुआ, क़ैदी और गैर-कानूनी मज़दूरी

हमारा दृष्टिकोण ILO समझौतों 29 और 105, ILO अनुशंसा 35 को कायम रखने पर आधारित है।

**मूलभूत:**
जबरन, बंधुआ, क़ैदी और गैर-कानूनी मज़दूरी स्वीकार नहीं की जाती। यदि अनुबंधित श्रमिकों को काम पर रखा जाता है, तो नियोक्ता, भर्ती शुल्क सहित, अनुबंध और/या विदेशी कर्मचारियों के रोज़गार योग्यता शुल्क का भुगतान करने के लिए ज़िम्मेदार है। कर्मचारियों को कभी भी अपने नियोक्ता के पास "ज़मानत" या पहचान के कागज़ात रखने की ज़रूरत नहीं होगी और उचित नोटिस के बाद वे अपनी नौकरी को छोड़ने के लिए स्वतंत्र होंगे। कर्मचारी की गतिविधि की स्वतंत्रता सीमित नहीं है। वेतन के किसी भाग पर रोक नहीं लगाई जाती।

**आकांक्षापूर्ण:**
मान्यता प्राप्त रोजगार देखें.

# 2 स्वस्थ पारिस्थितिक तंत्र

## 2ए जलवायु और वायु की गुणवत्ता पर प्रभाव

**मूलभूत:**
उद्यम वायु की गुणवत्ता, वायु उत्सर्जन और ऊर्जा कुशलता के बारे में, वैध अनुमतियाँ कायम रखने सहित, सभी लागू कानूनों और विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए सभी प्रचालन करता है।

**आकांक्षापूर्ण:**
उद्यम सक्रिय रूप से निम्न द्वारा जलवायु परिवर्तन और वायु की गुणवत्ता पर अपने प्रभावों को कम करता है:
- ऊर्जा प्रबंधन और कुशलता में निरंतर सुधार।
- उन ग्रीनहाउस गैसों (GHG) और अन्य वायु उत्सर्जनों में कमी या उन्मूलन जो पर्यावरण के लिए खतरा पेश करते हैं, उत्सर्जनों की गणना करना और GHG प्रोटोकॉल के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करना[1]।
- ज़िम्मेदारी से ऊर्जा के स्रोतों का चयन करना और निम्न-कार्बन-सघनता और अक्षय ऊर्जा के स्रोतों को अपनाने के लिए प्रगतिशील दृष्टिकोण रखना।

## 2बी जल संसाधनों पर प्रभाव

**मूलभूत:**
उद्यम जल संरक्षण और जल की गुणवत्ता के बारे में, वैध अनुमतियाँ कायम रखने सहित, सभी लागू कानूनों और विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए सभी प्रचालन करता है। आंतरिक नम संसाधन वाले परिसर प्रवाह मीटरों द्वारा पानी के निकास और अपशिष्ट जल निर्वहन का आकलन करेंगे और अपशिष्ट जल के संपूर्ण आंतरिक संसाधन[2] वाले परिसरों को कानूनी शर्तों या BSR अपशिष्ट जल मानक[3], जो भी ज़्यादा सख़्त है, का पालन करना होगा।

**आकांक्षापूर्ण**:
परिसर में पानी के निकास में लगातार कमी दिखाते हुए उद्यम पानी के उपयोग को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाता है। केवल घरेलू उद्देश्यों (नल, शौचालय, कूलिंग) के लिए पानी का उपयोग करने वाले परिसरों के लिए जल कुशल उपकरण का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना काफ़ी है। जहाँ भी संभव हो पानी की बचत करने की तकनीकें, जैसे बारिश के पानी का संग्रहण, लागू की जाएँगी।

आंतरिक नम संसाधन वाले परिसरों के लिए;
- आंतरिक जल उपयोग का आकलन करने के लिए मीटरिंग का उचित स्तर लागू किया जाएगा।
- जल संसाधनों पर प्रभाव को कम करने के लिए, परिसर मे ं शेष पानी [4] का मूल्यांकन किया जाना चाहिए और निरंतर सुधार दिखाने के लिए कमी करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए।
- लंबे समय में, ज़िम्मेदार जल प्रबंधक के रूप में काम करें। इसका यह अर्थ है कि स्वयं अपने प्रचालनों से जल प्रभावों को कम करने के अलावा, व्यावसायिक साझेदार यह सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय हितधारकों के साथ सामूहिक कार्य में भाग लेता है कि दीर्घकालिक सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपलब्ध जल संसाधनों का प्रबंधन किया जाता है। जल प्रबंधन और व्यापार के लिए उसका क्या अर्थ है यह AWS अंतर्राष्ट्रीय जल प्रबंधन मानक[5] द्वारा परिभाषित किया गया है।

## 2सी रसायनों का उपयोग

**मूलभूत:**
उद्यम रसायन उपयोग और निपटान के बारे में, वैध अनुमतियाँ कायम रखने सहित, सभी लागू कानूनों और विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए सभी प्रचालन करता है। H&M के लिए कोई भी उत्पाद बनाने वाले व्यावसायिक साझेदारों को H&M की प्रतिबंधित पदार्थ सूची (RSL) और विनिर्माण प्रतिबंधित पदार्थ सूची (MRSL) में निर्दिष्ट की गई , संविदात्मक रूप से सहमत लागू शर्तों को पूरा करना होगा। उपयोग किए जाने वाले सभी रसायनों भंडारण, प्रब ंधन, उपयोग और निपटान प्रत्येक रासायनिक उत्पाद की सुरक्षा डेटा शीट (SDS) के अनुरूप होना चाहिए।

**आकांक्षापूर्ण:**
उद्यम द्वारा उपयोग किए जाने वाले सभी रासायनिक उत्पाद खतरनाक पदार्थों से मुक्त हैं[6]। उद्यम अग्रसक्रिय रूप से अपने रसायनों के

उपयोग का मूल्यांकन करता है और उपलब्ध बेहतर रसायनों और वैकल्पिक प्रक्रियाओं से उन्हें बदलता है जो लोगों और पर्यावरण के लिए जोखिम को कम करती हैं या जो “हरित रसायनशास्त्र”[7] को अपनाने के माध्यम से संसाधन की कुशलता को बढ़ाती हैं।निवारक सिद्धांत लागू किया जाना चाहिए।

---

**1.** GHG Protocol Corporate Accounting and Reporting Standard (http://ghgprotocol.org/)
**2** Full internal treatment means that the wastewater is only treated by the facility’s own internal Effluent Treatment Plant before being discharged to a natural water body
**3** Industry standard for wastewater quality developed by a working group of several companies, coordinated by Business for Social Responsibility (BSR).
**4** The AWS International Water Stewardship Standard, p.86
**5** allianceforwaterstewardship.org
**6** Hazardous substances means all those that show intrinsically hazardous properties (persistent, bio-accumulative and toxic (PBT); very persistent and very bioaccumulative (vPvB); carcinogenic, mutagenic and toxic for reproduction (CMR); endocrine disruptors (ED); or equivalent concern), not just those that have been regulated or restricted in other regions
**7** Green chemistry refers to the design of chemical products and processes that reduce or eliminate the generation of hazardous substances, reduce waste and conserve energy and water.

## 2डी अपशिष्ट, पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण

**मूलभूत:**
उद्यम, वैध अनुमतियाँ कायम रखने सहित, सभी लागू कानूनों और विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए सभी प्रचालन करता है। जहाँ सेवाएँ उपलब्ध हैं, किसी अधिकृत कंपनी या लाइसेंसधारी प्राप्तकर्ता द्वारा सभी खतरनाक अपशिष्टों का प्रबंधन किया जाना चाहिए।

**आकांक्षापूर्ण:**
कच्चे माल के उपयोग में अनुकूलन में निरंतर सुधार, पुनर्चक्रण में वृद्धि और कच्चे माल का पुन: उपयोग दिखाकर उद्यम अग्रसक्रिय रूप से शुद्ध कच्चे माल के अपने उपयोग और पर्यावरण पर उसके प्रभाव को कम करता है। उद्यम भरावक्षेत्र में जाने वाले अपशिष्ट के उन्मूलन में प्रगति दिखाता है और सक्रिय रूप से आवर्ती आर्थिक नवीनता के अनुरूप समाधान प्रस्तुत करता है।[8]

## 2ई प्रजातियों और प्राकृतिक आवासों का संरक्षण

**मूलभूत:**
उद्यम, वैध अनुमतियाँ कायम रखने सहित, सभी लागू कानूनों और विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए सभी प्रचालन करता है। कच्चे माल में विलुप्तप्रायः प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौता (CITES)[9] या IUCN लाल सूची[10] में अत्यधिक विलुप्तप्रायः, विलुप्तप्रायः या अतिसंवेदनशील के रूप में सूचीबद्ध की गई प्रजातियाँ शामिल नहीं होनी चाहिए।

**आकांक्षापूर्ण:**
अधिक स्थायी खेती और वानिकी कार्यप्रणालियाँ सुनिश्चित करने के लिए उद्यम वह कच्चा माल प्राप्त करता है तो तृतीय-पक्ष द्वारा सत्यापित है।

# 3 पशु कल्याण

## 3 ए पशु पालन

**मूलभूत:**
उद्यम, वैध अनुमतियाँ कायम रखने सहित, सभी लागू कानूनों और विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करते हुए सभी प्रचालन करता है। H&M के उत्पादों के लिए पशु मूल की सामग्री प्राप्त करने हेतु अतिरिक्त शर्तें *H&M पशु कल्याण एवं सामग्री आचार नीति* में निर्दिष्ट की गई हैं। H&M के उत्पादों के लिए उपयोग की जाने वाली ऊन, रेशे और पंख, *पंच स्वतंत्रता ढाँचे* पर आधारित, *अच्छे पशु पालन के लिए H&M की शर्तें* के अनुरूप होने चाहिए।[11]

**आकांक्षापूर्ण:**
उद्यम सक्रिय रूप से प्राप्त होने वाले सभी उत्पादों और सेवाओं के लिए स्वयं अपनी आपूर्ति श्रृंखला में अच्छे पशु पालन को बढ़ावा देता है। कार्यों में अग्रसक्रिय रूप से मानवीय प्रमाणीकरण कार्यक्रम द्वारा सत्यापित कच्चा माल प्राप्त करने का प्रयास करना शामिल है।[12]

## 3 बी पशु परीक्षण

**मूलभूत:**
उद्यम पूरी तरह से सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करता है। H&M के उत्पादों पर पशु परीक्षण लागू नहीं किया जाएगा। H&M ऐसे प्रसाधन सामग्री घटकों की अनुमति नहीं देता, प्रसाधन सामग्री घटक विकास या प्रसाधन सामग्री घटक सुरक्षा मूल्यांकन के संबंध में 11 मार्च 2009 के बाद पशुओं पर जिनका परीक्षण किया गया है। प्रसाधन सामग्री आपूर्तिकर्ता या उनके कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं, निर्माताओं या एजेंट्स द्वारा संभवत: इस प्रकार का पशु परीक्षण नहीं किया जा सकता।

**आकांक्षापूर्ण:**
प्रसाधन सामग्री निर्माताओं के लिए;

‘ H&M के अलावा सभी ग्राहकों के लिए उत्पादों पर H&M की शर्तें लागू करें।
‘ उपभोक्ता सुरक्षा मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर वैकल्पिक, गैर-पशु परीक्षण विधियाँ लागू करें।

8 ellenmacarthurfoundation.org
9 cites.org
10 iucnredlist.org

11 Recommendations on animal welfare set out by the World Organisation by Animal Health (OIE) in their Animal Health Codes and the Farm Animal Welfare Committee (FAWC).
12 Such as, but not limited to, Freedom Foods (freedomfood.co.uk), Humane Certified programs (certifiedhumane.org) and Textile Exchange’s Responsible Down Standard and Responsible Wool Standard (responsibledown.org, responsiblewool.org)

# स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता
## (SustainabilityCommitment)
## H&M व्यावसायिक साझेदार

As a Business Partner to H&M, we commit to complying with the Fundamental requirements on the issues outlined in this Sustainability Commitment, and to implement them in our operations as well as aim to realize them throughout our supply chain. H&M represents all affiliated companies and brands within the H&M Group.

H&M के व्यावसायिक साझेदार के रूप में, हम इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता में उल्लिखित मूलभूत शर्तों का अनुपालन करने, और अपने प्रचालनों में उन्हें शामिल करने के साथ-साथ हमारी पूरी आपूर्ति श्रृंखला में उन्हें लागू करने का वचन देते हैं। H&M, H&M समूह के भीतर सभी संबद्ध कंपनियों ब्रांड्स का प्रतिनिधित्व करती है।

Furthermore, we understand that H&M has the ambition to engage and continue to grow with Business Partners that share H&M's sustainability ambition beyond mere compliance with the law to advance social and environmental sustainability, stated as Aspirational performance criteria in this Sustainability Commitment.

इसके अतिरिक्त, हम समझते हैं कि H&M का लक्ष्य उन व्यावसायिक साझेदारों के साथ मिलकर काम करना और आगे बढ़ना है जो केवल कानून का पालन करने से अधिक सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए H&M की स्थिरता संबंधी महत्वाकांक्षा को साझा करते हैं, जैसा कि इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता में आकांक्षापूर्ण प्रदर्शन मापदंड में निर्दिष्ट किया गया है।

Therefore, as a Business Partner to H&M, we agree to be monitored and evaluated on our sustainability performance within the areas described in this Sustainability Commitment.

इसलिए, H&M के व्यावसायिक साझेदार के रूप में, हम इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता में वर्णित क्षेत्रों के भीतर हमारे स्थिरता प्रदर्शन के बारे में निरीक्षण और मूल्यांकन किए जाने के लिए सहमत हैं।

We recognize that this Sustainability Commitment is drafted and valid in the English language. Where there are different language versions of this document these shall be considered translations of convenience only and the English version will prevail in any case of discrepancy.

हम समझते हैं कि अंग्रेज़ी भाषा में इस स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता का मसौदा तैयार किया गया है और यह मान्य है। जहाँ कहीं भी इस दस्तावेज़ के विभिन्न भाषा संस्करण हैं, उन्हें केवल सुविधाजनक अनुवाद समझा जाएगा और किसी भी विसंगति की स्थिति में केवल अंग्रेज़ी संस्करण प्रचलित होगा।

**Place and date / स्थान और दिनांक**

**Company name / कंपनी का नाम**

**Signature / हस्ताक्षर**

**Company stamp / कंपनी की मुहर:**

**Name in printed letters and title / छपे हुए अक्षरों में नाम और पद**